**Regarding train services in Jalaun, UP**

श्री नारायणदास अहिरवार **(जालौन) :** सभापति महोदया**,** मेरा संसदीय क्षेत्र जालौन, गरौठा, भोगनीपुर बुंदेलखंड क्षेत्र में आता है । यहां बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है । दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा न होने के कारण स्थानीय निवासियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है । जनपद जालौन का जिला मुख्यालय उरई है और जनपद कानपुर देहात एवं हमीरपुर के निवासियों के लिए भी दिल्ली तक सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है । दिल्ली जाने के लिए लोगों को अधिक समय और धन व्यय करना पड़ता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है । ऐसी स्थिति में इस क्षेत्र के लिए सीधी रेल सेवा और कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव अनिवार्य है जिससे यहां के लोग अपने दैनिक कार्य एवं रोजगार के लिए सीधे दिल्ली जा सकें । सीधी ट्रेन के अभाव में इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को भी आने-जाने में परेशानी होती है ।

महोदया**,** मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि श्रम शक्ति एक्सप्रेस 12451/12452 जो नई दिल्ली से रात्रि 11.55 पर चलकर सुबह 6.15 पर कानपुर पहुंचती है और रात्रि 11.55 पर पुन: रवाना होती है । लगभग 18 घंटे तक कानपुर में खड़ी रहती है, इस ट्रेन को जिला मुख्यालय उरई तक बढ़ा दिया जाए जिससे जालौन क्षेत्र के निवासियों को दिल्ली तक सीधी रेल सेवा का लाभ मिल सके ।

छपरा एक्सप्रेस 11123/11124 वर्तमान में यह गाड़ी ग्वालियर से बरौनी तक चलती है । इस ट्रेन को ग्वालियर से बढ़ाकर नई दिल्ली तक किया जाए । जिससे क्षेत्र के निवासियों को नई दिल्ली तक सीधी ट्रेन की सुविधा मिल सके ।